नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में 73 वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्आस से सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांक 15 अगस्त 2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर मुख्यालय में डॉ शिवनंदन सिंह परमार, अधिष्ठाता संकाय ना.दे.प. चि.वि.वि., जबलपुर, के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के साथ उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय पर्व 73 वाँ स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर डॉ शिवनंदन सिंह परमार, अधिष्ठाता संकाय ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर, ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि यह स्वतंत्रता दिवस विश्वविद्यालय के इतिहास में अस्मरणीय रहेगा, क्योंकि इस वि.वि. का नामकरण हमारे श्रद्वेय, प्रणेता एवं राष्ट्रऋषि स्व. नानाजी देशमुख जी के नाम पर है, को **भारत वर्ष के माननीय राष्ट्रपति जी, भारत सरकार द्वारा सर्वोच्च अंलकरण ''भारत–रत्न'' से अंलकृत किया गया है।** यह हमारे विश्वविद्यालय व राष्ट्र के लिये अत्यंत ही गर्व का विषय है। आपने उपस्थितजनों को उद्‌बोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी ने अपने जीवन में ग्रामीण विकास के अंर्तगत कृषकों व पालकों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान में जो उत्कृष्ट कार्यों एवं उल्लेखनीय भूमिका का निर्वाहन किया है, उसी के परिणास्वरूप यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। हमें उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों एवं आदर्शो को आत्मसात करते हुये, विश्वविद्यालय के निरंतर विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता का

निर्वाहन करना हमारा दायित्व है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार गतिविधियाँ एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया।

माननीय डॉ प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर ने 73वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी विश्वविद्यालय परिवार को अपनी हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की है।

इस अवसर पर छात्र–छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठातागण, संचालकगण, प्राध्यापकगण, अधिकारियों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। 73वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार गौर द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)